# मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर

MALAVIYA NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY JAIPUR

**राजभाषा प्रकोष्ठ ( Hindi Cell )**

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025 की तृतीय बैठक का कार्यवृत्त

**दिनांक 29/09/2025, प्रात: 11.40 बजे** **स्थान- समिति कक्ष, निदेशक कार्यालय**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक समिति कक्ष, प्रथम तल, प्रभा भवन में दिनांक 29/09/2025 को प्रात: 11.40 बजे आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर के माननीय निदेशक प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी द्वारा की गयी। बैठक में माननीय अध्यक्ष के साथ समिति के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. नारायण प्रसाद पाढ़ी, निदेशक | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. अमर पटनायक, कुलसचिव | सदस्य सचिव |
| 3. | प्रो. राज कुमार व्यास, समन्वयक, राजभाषा | सदस्य |
| 4. | डॉ. ऋषि तिवारी, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं सह समन्वयक राजभाषा | सदस्य |
| 5. | प्रो. डी. बूलचंदानी, अधिष्ठाता, अकादमिक | सदस्य |
| 6. | प्रो. रोहित गोयल, अधिष्ठाता, नियोजन एवं विकास | सदस्य |
| 7. | प्रो. अमर पटनायक, अधिष्ठाता, संकाय कल्याण | सदस्य |
| 8. | डॉ. विनीत साहुला, अधिष्ठाता, डिजिटल अवसंरचना सेवायें | सदस्य |
| 9. | प्रो. राजीव कुमार दोहरे, विभागाध्यक्ष, रासायनिक अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 10. | प्रो. मुस्ताक अहमद, विभागाध्यक्ष, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 11. | प्रो. राजेन्द्र कुमार गोयल, विभागाध्यक्ष, धातुकी एवं पदार्थ अभियांत्रिकी | सदस्य |
| 12. | डॉ. दिवेश कुमार, विभागाध्यक्ष, प्रबंधन अध्ययन विभाग | सदस्य |
| 13. | प्रो. नुपुर टंडन, विभागाध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 14. | डॉ. कमलेन्द्र अवस्थी, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 15. | डॉ. दिनेश गोपलानी, विभागाध्यक्ष, क्रत्रिम बुद्धिमत्ता और डाटा अभियांत्रिकी | सदस्य |

राज कुमार व्यास

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| 16. | डॉ. भगवती शर्मा, केंद्राध्यक्ष, पदार्थ अनुसंधान केंद्र | सदस्य |
| 17. | श्री दीपक महेश्वरी, उप कुलसचिव, भंडार एवं क्रय | सदस्य |
| 18. | श्री पवन कुमार शर्मा, अधीक्षक | सदस्य |

समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थिति अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में सहभगिता के कारण से नहीं रही।

अध्यक्ष महोदय ने सभी का स्वागत करते हुए राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से समिति सदस्य एवं समन्वयक, राजभाषा प्रो. राज कुमार व्यास ने कार्यसूची के विभिन्न बिन्दुओं को चर्चा के लिए पटल पर रखा जिन पर समिति सदस्यों द्वारा चर्चा की गई। बैठक की कार्यवाही एवं विस्तृत चर्चा के बाद माननीय अध्यक्ष महोदय एवं समिति सदस्यों द्वारा दी गई अनुशंसाओं का विवरण निम्नलिखित है-

| |
|---|
| बिन्दु संख्या 1. पिछली बैठक (16/04/2025) के पश्चात हुई राजभाषा संबंधी कार्यों की प्रगति की जानकारी। |

प्रो. राजकुमार व्यास, समन्वयक, राजभाषा द्वारा पिछली बैठक (16/04/2025) के पश्चात हुई राजभाषा संबंधी कार्यों की जानकारी प्रदान की गई। समन्वयक राजभाषा द्वारा संबंधित सभी कार्यों जैसे हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन (दिनांक 12.06.2025 एवं 30.07.2025 को आयोजित), हिंदी पखवाड़ा-2025 का आयोजन (दिनांक 14 सितबंर से 30 सितंबर 2025), संस्थान का राजभाषा अधिनियम 10(4) के तहत अधिसूचित किया जाना (दिनांक 07 अगस्त, 2025 को भारत के राजपत्र के भाग 2 के खंड 3 के उपखंड 2 में प्रकाशित, संख्या 3561), राजभाषा प्रकोष्ठ कार्यालय का उद्घाटन (28 अप्रैल 2025, को R103, VLTC में) एवं राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह में (दिनांक 26 जून 2025 को नई दिल्ली), राजभाषा प्रकोष्ठ सदस्यों की सहभागिता आदि के बारे में जानकारी प्रदान की।

**अनुवर्ती कार्रवाई- कोई कार्रवाई आवश्यक नहीं।**

| |
|---|
| बिन्दु संख्या 2. त्रैमासिक राजभाषा ई पत्रिका/बुलेटिन को प्रारंभ किया जाना। |

राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा एक ई पत्रिका /बुलेटिन को प्रारंभ करने का प्रस्ताव दिया गया जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। इस पत्रिका के प्रकाशन हेतु लगभग 1 लाख रूपये का व्यय आने की सम्भावना है जिसे पूर्व स्वीकृत बजट में से उपयोग किया जायेगा। उक्त पत्रिका के प्रकाशन हेतु निदेशक महोदय द्वारा वैज्ञानिक, तकनीकी एवं लोकरुचि के विषयों को सम्मिलित करने का सुझाव भी दिया गया।

**अनुवर्ती कार्रवाई- राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा।**

राज कुमार व्यास

Scanned with OKEN Scanner

बिन्दु संख्या 3. राजभाषा विद्यार्थी उप समिति का गठन।

राजभाषा विद्यार्थी उप समिति के गठन का प्रस्ताव रखा गया। इस समिति में 5 से 8 विद्यार्थी रहेगे। इस समिति के गठन से विद्यार्थियों में भी राजभाषा हिंदी के ज्ञान के बारे में जानकारी व रुचि बढ़ेगी एवं राजभाषा के प्रभावी प्रयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। राजभाषा विद्यार्थी उप समिति के इस प्रस्ताव को सभी ने समर्थन दिया।

**अनुवर्ती कार्रवाई- राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा।**

बिन्दु संख्या 4. राजभाषा हिंदी में कार्य को बढ़ावा दिए जाने हेतु अनुरोध।

राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने हेतु सभी माननीयों सदस्यों से अनुरोध किया गया एवं समन्वयक, राजभाषा द्वारा सभी से तिमाही रिपोर्ट नियमित रूप से समय पर राजभाषा प्रकोष्ठ को भेजने का अनुरोध भी किया गया।

**अनुवर्ती कार्रवाई- संबंधित अनुभाग/विभागों/केंद्र द्वारा ।**

बिन्दु संख्या 5. राजभाषा कार्यालय हेतु स्मार्ट इंटरेक्टिव  बोर्ड/स्मार्ट बोर्ड की आवश्यकता।

समन्वयक, राजभाषा द्वारा राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न कार्यशालाओं एवं कार्यक्रमों हेतु स्मार्ट इंटरेक्टिव पैनल/स्मार्ट बोर्ड की आवश्यकता पर बल दिया। इस प्रस्ताव को सभी ने अपना समर्थन प्रदान किया। उक्त स्मार्ट बोर्ड हेतु लगभग 3.50 लाख का व्यय होगा जिसे पूर्व स्वीकृत बजट में से उपयोग किया जायेगा।

**अनुवर्ती कार्रवाई- राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा।**

बैठक के दौरान माननीय निदेशक महोदय द्वारा कुछ सुझाव/निर्देश भी दिए गए-

1. अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा प्रकोष्ठ हेतु प्रकाशित की जाने वाली ई पत्रिका/बुलेटिन के बारे में कहा की इस पत्रिका में लिखने का अवसर विद्यार्थी व शिक्षकों को भी दिया जाये एवं इसमें वैज्ञानिक, तकनीकी एवं लोकरुचि के विषयों को भी शामिल किया जाये।
2. अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा का लोगो बनाने का सुझाव भी दिया।

तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से समन्वयक, राजभाषा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ।

राज कुमार व्यास 1/10/2025

**प्रो. राज कुमार व्यास**

**समन्वयक, राजभाषा**

01/X/2025

**डॉ ऋषि तिवारी**

**सह समन्वयक, राजभाषा**

Scanned with OKEN Scanner